
समाजवादी पार्टी
जनता का मांग पत्र
हमारा अधिकार
2024


इस बार
PDA
सरकार
संपूर्ण समाज के अधिकार के लिए वचनबद्ध
2


भारत में ग़रीबी और जातिवाद एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं, एक के साथ दूसरे का उत्थान जुड़ा हुआ है।

- नेताजी मुलायम सिंह यादव



# PDA

**एक सोच, एक विचारधारा की पहल। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक एवं आधी आबादी को अवसरों की समानता और भागीदारी दिलाने का जन-आंदोलन। समाज के सभी ग़रीब-कमज़ोर वर्गों का समावेशी विकास कराने का संकल्प।**



**ग़रीबी के ख़िलाफ़ लड़ाई एक धोखा है, जब तक जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव के ख़िलाफ़ लड़ाई न हो।**

- डॉ. राममनोहर लोहिया




**समाजवादी पार्टी बख़्शीश की राजनीति नहीं करती है, समाजवादी पार्टी परिवर्तन की राजनीति करती है।**

- नेताजी मुलायम सिंह यादव

समाजवादी पार्टी की भारत के संविधान में सच्ची निष्ठा और श्रद्धा है। महात्मा गांधी, डॉ. लोहिया एवं डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाजवादी पार्टी लोकतंत्र, धर्म-निरपेक्षता और समाजवाद में आस्था रखती है।

समाजवादी पार्टी का विश्वास ऐसी राजव्यवस्था में है, जिसमे आर्थिक एवं राजनीतिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण निश्चित रूप से हो।

पिछड़े दलितों, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के लिए सामाजिक न्याय पर आधारित विशेष अवसर के सिद्धांत में समाजवादी पार्टी का विश्वास है।



लोकतंत्र का सार यह नहीं है कि बहुमत शासन करेगा, बल्कि यह है कि प्रत्येक नागरिक की बात सुनी जाएगी।

- डॉ. राममनोहर लोहिया

# संवैधानिक अधिकार

- संविधान बचाने का अधिकार
- लोकतंत्र की रक्षा का अधिकार
- मीडिया की आजादी का अधिकार
- लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता व स्वायत्तता का अधिकार
- न्याय और समानता का अधिकार



समाजवाद धन के वितरण के बारे में नहीं, शक्ति के वितरण के बारे में है।

- डॉ. राममनोहर लोहिया

# सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार

- सामाजिक न्याय का अधिकार
- रोटी का अधिकार
- महंगाई से निजात पाने का अधिकार
- गरीबी से बाहर निकलने का अधिकार
- सुरक्षित वातावरण में जीने का अधिकार
- आवारा पशुओं से खेत एवं जान को बचाने का अधिकार
- जातिवादी टिप्पणी से मुक्ति का अधिकार
- गड्ढे मुक्त सड़कों पर चलने का अधिकार
- 24 घंटे बिजली की आपूर्ति पाने का अधिकार
- गरीब को भी उच्च श्रेणी की शिक्षा पाने का अधिकार
- बेहतर स्वास्थ्य सेवा पाने का अधिकार
- बेहतर सार्वजनिक परिवहन पाने का अधिकार
- खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए आवश्यक संसाधन पाने का अधिकार
- सुविधा से FIR दर्ज होने का अधिकार


जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं कर लेते, कानून द्वारा प्रदान की गई कोई भी स्वतंत्रता आपके लिए किसी काम की नहीं है।

- डॉ. अम्बेडकर



# सामाजिक न्याय

- 2025 तक जाति आधारित जनगणना कराएँगे। इसके आधार पर 2029 तक सबको न्याय एवं हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे।
- 2025 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सभी सरकारी रिक्त पदों को भरेंगे।
- निजी क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।
- 2029 तक भूख से मुक्ति।
- 2029 तक गरीबी का पूर्ण उन्मूलन।



**देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है।**

-चौधरी चरण सिंह

# किसान कल्याण

- **दुग्ध सहित सभी फसलों के लिए एमएसपी। एमएसपी की गणना स्वामीनाथन फॉर्मूले (सी 2+50%) के आधार पर की जाएगी।**
- **कानूनी गारंटी के रूप में सभी किसानों को एमएसपी।**
- **भूमिहीन किसानों समेत सभी कृषि/किसान ऋण 2024 में माफ किए जाएंगे।**
- **किसानों की सिचाई मुफ़्त की जाएगी।**
- **कृषि ऋण की निगरानी करने और किसानों को नियमित आधार पर राहत प्रदान करने के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा।**
- **भूमिहीन/किरायेदार किसानों सहित सभी छोटे और सीमांत किसानों (2.5 एकड़ से कम भूमि) के लिए 5000 रुपये प्रति माह की पेंशन दी जाएगी।**
- **सभी कृषि प्रधान राज्यों में हर 10 किलोमीटर पर एक मंडी की स्थापना।**
- **यूपी में गन्ना किसानों के लिए समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए 10000 करोड़ रुपये के रोलिंग फंड की स्थापना की जाएगी।**
- **मनरेगा द्वारा निजी कृषि मजदूरों को उनकी मजदूरी का 40% भुगतान किया जाएगा।**

छोटा लक्ष्य अपराध है, महान लक्ष्य होना चाहिए।

- एपीजे अब्दुल कलाम



# युवा और रोजगार

- मनरेगा के तहत **मजदूरी** बढ़ाकर **450 रुपये** की जाएगी और **कार्य के दिन** (man days) **150** तक किये जाएँगे।
- मनरेगा की तर्ज पर **शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम 2024** के पहले संसदीय सत्र में लागू किया जाएगा।
- सभी **रिक्त** पड़ी **सरकारी नौकरियों** को तत्काल भरा जाएगा।
- सभी के लिए **राष्ट्रीय रोजगार नीति** और **मिशन रोजगार** स्थापित किया जाएगा।
- युवाओं के लिए **लैपटॉप वितरण योजना** पूरे देश में लागू की जाएगी।
- **पेपर लीक** और **प्रतियोगी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार** को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाएगा।



पौष्टिक भोजन का अधिकार सबसे मूलभूत अधिकार होता है और किसी भी सरकार की सबसे पहली ज़िम्मेदारी।

- श्री अखिलेश यादव

# 'आटा-डाटा' का अधिकार

- **मुफ़्त राशन** में गेहूँ की जगह **आटा** देंगे। पौष्टिकता और गुणवत्ता में ये आटा देश की सबसे अच्छी कंपनियों के आटे के मुक़ाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला **'आटा प्लांट'** लगाएंगे, जिससे **स्थानीय स्तर पर लोगों को रोज़गार** भी मिलेगा।
- हर राशनकार्ड धारी परिवार को **500 रूपये** का **मोबाइल डाटा मुफ़्त** देंगे। आज के जीवन में मोबाइल का इस्तेमाल हर ज़रूरी सेवा, सूचना- संचार व शिक्षा के लिए हर एक की ज़रूरत है, चाहे वो शहर हो या गाँव। मुफ़्त डाटा से डिजिटल सम्पन्न बनाम डिजिटल विपन्न में **'डिजिटल डिवाइड'** का अंतर नहीं रह जाएगा। गैर-बराबरी मिटाने के समाजवादी मूल्यों की ओर समाजवादी पार्टी की सोच का यह एक प्रगतिशील कदम होगा।

रोटी कपड़ा सस्ती हो,
दवा पढ़ाई मुफ्ती हो।

- डॉ. राममनोहर लोहिया




# शिक्षा और स्वास्थ्य

- **निःशुल्क शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करेंगे।**
- **शिक्षा के लिए बजट जीडीपी के 3% से दोगुना कर 6% किया जाएगा एवं गुणवत्ता के लिए मिशन चलाया जाएगा।**
- **'Skill Based Vocational Education' पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और इंडस्ट्रीज से जोड़ा जाएगा।**
- **सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल के अधिकार की कानून द्वारा गारंटी दी जाएगी।**
- **स्वास्थ्य पर वर्तमान सार्वजनिक व्यय को दोगुना कर जीडीपी के 3.5% तक लाया जाएगा।**
- **सरकार विद्यार्थियों को न्यूनतम व्याजदर पर शिक्षा-लोन उपलब्ध कराएगी।**
- **डिजिटल डिवाइड को समाप्त करेंगे।**

शिक्षा का उद्देश्य हमें यह सिखाना होना चाहिए कि कैसे सोचना है, ना कि क्या सोचना है।

- डॉ. राममनोहर लोहिया



समान मानसिक क्षमताओं से युक्त नारी, पुरुष की साथी है। उसे पुरुष की प्रत्येक गतिविधियों में स्वतंत्रता एवं समानता के साथ भाग लेने का अधिकार है। पुरुष के समान नारी भी अपने क्षेत्र की गतिविधियों की सर्वोच्च भागीदार है।

- महात्मा गांधी

# महिला सशक्तिकरण

- महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराध के लिए जीरो टॉलरेंस एवं देशव्यापी हेल्पलाइन।
- परिसीमन की प्रतीक्षा किए बिना 2 साल के भीतर संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, जिसके भीतर दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को उनकी संख्या के अनुपात में भागीदारी दी जाएगी।
- पुलिस सहित सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण।
- 'फ्री गर्ल चाइल्ड एजुकेशन' कन्याओं के लिए 'केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा'।
- गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को 3000 रुपये प्रति माह तक की मासिक पेंशन दी जाएगी।

जाति व्यवस्था केवल श्रम का विभाजन नहीं है।
यह मजदूरों का भी एक विभाजन है।

- डॉ. अम्बेडकर



# श्रम कल्याण

- न्यूनतम **दैनिक मजदूरी** को **बढ़ाकर 450 रुपये** किया जाएगा।
- केंद्रीय व राज्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के **निजीकरण को बंद** किया जाएगा एवं छंटनी रोकी जाएगी।
- **सभी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों** के लिए **10 लाख का बीमा** और **5000 प्रति माह पेंशन** की व्यवस्था की जाएगा ।
- **पुरानी पेंशन योजना (OPS)** को **पैरा-मिलिट्री** सहित सभी के लिए फिर से बहाल किया जाएगा।
- असंगठित क्षेत्र के **स्किल-अनस्किल** श्रमिकों को **500 रुपये** प्रति माह **'श्रमिक सम्मान निधि'** प्रदान किया जाएगा।

# जंगल और पर्यावरण

- जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण नियंत्रण पर राष्ट्रीय चार्टर और नीति बनायी जाएगी।
- 2029 तक निर्माण उद्योग के लिए प्राकृतिक संसाधनों के सभी खनन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा और पर्यावरण के अनुकूल टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- गंगा एवं यमुना नदियों को प्रदुषण मुक्त करते हुए अविरल करने के प्रयास किये जायेंगे ।

# उद्योग और वाणिज्य

- एमएसएमई के सूक्ष्म क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और बुनकर समुदाय के लिए विशेष योजनायें बनाई जाएगी।
- अनुसंधान एवं विकास पर बजट दोगुना किया जाएगा।
- भारत को AI (Artificial Intelligence) में अग्रणी बनाएँगे।
- निर्यात में वृद्धि कर वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी को दोगुना करने का लक्ष्य।
- कुटीर उद्योगों को पुनर्जीवित किया जायेगा ।
- GST प्रणाली के विपरीत प्रभावों का मूल्यांकन करते हुए उसमें बुनियादी सुधार लाएंगे।

शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि न्याय, कानून और व्यवस्था की उपस्थिति है।

- डॉ. राममनोहर लोहिया



## रक्षा और विदेश नीति

- **अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। सशस्त्र बलों में नियमित भर्ती एक बार फिर से शुरू की जाएगी।**
- **भारत में रक्षा उपकरणों के निर्माण पर जोर दिया जाएगा, रक्षा क्षेत्र का स्वदेशीकरण होगा। रक्षा क्षेत्र को पर्याप्त बजट दिया जाएगा और इस क्षेत्र का आधुनिकीकरण किया जाएगा। राष्ट्र की Safety और Sovereignty की हर स्थिति में रक्षा की जाएगी।**
- **विशेष रूप से चीन और पाकिस्तान के संदर्भ में हम अपनी सीमाओं की रक्षा करेंगे। घुसपैठ या आतंकवाद को बढ़ावा देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**

# ग्रामीण विकास

- 'स्मार्ट विलेज क्लस्टर' पूरे देश में स्थापित किए जाएंगे, जो 'स्मार्ट विलेज क्लस्टर डेवलपमेंट अथॉरिटी' के माध्यम से कार्यान्वित किए जाएंगे।
- ये क्लस्टर बड़े पैमाने पर डेटा मैपिंग और AI (Artificial Inteligence) द्वारा अनुमानों पर आधारित होंगे। प्रत्येक क्लस्टर में स्थानीय और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी आधारित निम्नलिखित समाधान शामिल हैं।
    - इंफ्रास्ट्रक्चर- सड़क, वेस्ट मैनैजमेंट, वैकल्पिक विद्युत ग्रिड, ग्रीन टेक्नोलॉली सहित सस्ते आवास और जल संरक्षण।
    - शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल।
    - कृषि।
    - क्षमता निर्माण, कौशल विकास और स्थानीय रोजगार।
    - सूक्ष्म उद्यम।
    - ग्रामीण स्तर पर ई-गवर्नेंस के माध्यम से जनसुविधा केंद्रों को इंसेटिवाइज किया जाएगा।
    - लोहिया आवास योजना, जनेश्वर मिश्र ग्राम योजना को स्मार्ट विलेज प्रोजेक्ट से जोड़कर शुरू किया जाएगा।

## अर्थव्यवस्था

- सार्वभौमिक विकास के लिए लक्षित नीतियां बनायीं जाएंगी ताकि **प्रति व्यक्ति आय** (per capita income ) में सुधार किया जा सके।

## शहरी विकास

- अत्याधुनिक सुविधाओं वाले और विकास के इंजन के रूप में संरचित **आधुनिक शहरों का निर्माण** किया जाएगा।

## पर्यटन

- भारत को एक बहु-अनुभव विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में प्रदर्शित करने के लिए **World class Infrastructure** विकसित किया जायेगा एवं वैश्विक अभियान चलाकर रोड शो किये जाएँगे। 2027 तक 2 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन का लक्ष्य रखा जाएगा।
- **देशीय पर्यटन** में विशेष रूप से ध्यान दिया जायेगा

## परिवहन

- रेलवे समेत सार्वजनिक परिवहन में **वरिष्ठ नागरिकों** को मिलने वाली **छूट** को फिर से **लागू** करेंगे।


हमारा
अधिकार
2024
समाजवादी पार्टी
/samajwadiparty
www.samajwadiparty.in